CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 305 ▫ रायपुर, रविवार 30 नवम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### आईआईएम रायपुर में डीजीपी-आईजी सम्मेलन का आज अंतिम दिन

## पीएम मोदी की मौजूदगी में सुरक्षा पर गहन मंथन



**रायपुर, 30 नवंबर (हाईवे चैनल)।** नवा रायपुर स्थित आईआईएम रायपुर परिसर में चल रहा 60वां अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन आज अपने अंतिम चरण में पहुंच गया। तीसरे दिन का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति के साथ शुरू हुआ। सुबह उन्होंने 6 बजे योग का अभ्यास किया, जिसके बाद 8ः30 बजे सभी अधिकारियों के साथ सामूहिक फोटो लिया गया। लगभग 9 बजे ब्रेकफास्ट के दौरान पीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों से अनौपचारिक बातचीत की। करीब 10 बजे से औपचारिक बैठकें प्रारंभ हुईं। पहले सत्र में पुलिस व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और इसके भविष्य पर चर्चा हुई। इसके बाद दूसरे सत्र में वैश्विक परिदृश्य में उभरते जियो-पॉलिटिकल चुनौतियों पर गहन विमर्श किया गया। दोपहर में टी ब्रेक के तुरंत बाद R&AW द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा, बाहरी खतरों और बदलते सुरक्षा ढांचे पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। दोपहर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेलीगेट्स, अवार्ड प्राप्त अधिकारियों और विशेष आमंत्रितों से मुलाकात की। इस दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक सम्मानित किया गया। लगभग 3 बजे शहरी पुलिसिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन शहरों को पुरस्कार दिया गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री के भाषण व फोटो सेशन के उपरांत वे करीब 4 बजे आईआईएम रायपुर से प्रस्थान करेंगे। अगले सत्र में पुलिस स्पोर्ट्स और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। लगभग 5ः10 बजे तीन दिवसीय सम्मेलन का औपचारिक समापन होगा। यह सम्मेलन देश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और परिचालन चुनौतियों पर खुलकर संवाद करने का मंच देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से इस आयोजन को नए आयाम दिए हैं, जिसके कारण इसे देश के अलग-अलग स्थलों पर अधिक व्यापक और सहभागी रूप में आयोजित किया जा रहा है। गुवाहाटी, कच्छ, हैदराबाद, टेकनपुर, केवड़िया, पुणे, लखनऊ, नई दिल्ली, जयपुर और भुवनेश्वर जैसे शहर इस आयोजन की मेजबानी कर चुके हैं।

## तूफान 'दित्वा' का कहर! 5 एनडीआरएफ टीमें तैनात, 47 फ्लाइट कैंसिल

### 3 राज्यों में रेड अलर्ट जारी



**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** चक्रवाती तूफान 'दित्वा' का खतरा दक्षिण भारत के तटीय इलाकों पर लगातार बढ़ता जा रहा है। नवीनतम मौसम अपडेट के अनुसार चक्रवाती तूफान उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी तटों के और करीब आ गया है जिसके चलते पूरे क्षेत्र में मौसम बेहद खराब हो गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) और एसडीआरएफ को हाई-अलर्ट पर रखा है। जिसके चलते चेन्नई एयरपोर्ट ने रविवार (आज) के लिए कुल 47 उड़ानें रद्द कर दी हैं।

शनिवार (29 नवंबर) को रात 11ः30 बजे चक्रवाती तूफान दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के पास केंद्रित था। यह वेदारण्यम से लगभग 90 किमी पूर्व-उत्तरपूर्व, कराईकल से 90 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व और पुडुचेरी से 160 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व की दूरी पर स्थित था। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ने की प्रबल संभावना है। उत्तर की ओर बढ़ते हुए यह तूफान आज, 30 नवंबर की सुबह तक तमिलनाडु-पुडुचेरी तटरेखा से न्यूनतम 50 किलोमीटर और शाम तक 25 किलोमीटर की दूरी पर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित होगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ाई गई, अब 11 दिसंबर तक चलेगा पुनरीक्षण

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का एलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है। आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसंबर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवंबर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसंबर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे

### सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने दर्ज की नई एफआईआर

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक नई एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने नेशनल हेराल्ड केस में एक नई एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर डिटेल्स में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के अलावा छह नाम शामिल हैं। ईडी मुख्यालय द्वारा ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज करने के बाद एफआईआर रजिस्टर की गई।इस एफआईआर में आपराधिक साजिश रचकर कांग्रेस से जुड़ी कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने का आरोप लगाया गया है।

## साइबर ठगी के शिकार हुए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के बेटे अली ने फर्जी खाता खोल यूपीआई आईडी से सारी रकम हड़पी

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के बेटे डॉ. अमित कुमार निषाद साइबर जालसाजी का शिकार हो गए हैं। जालसाजों ने उनके मोबाइल नंबर की मदद से न सिर्फ फर्जी बैंक खाता खुलवा लिया बल्कि उस पर यूपीआई भी सक्रिय कर दी। इसके बाद से डॉ. अमित को भेजी जाने वाली सारी रकम जालसाजों के खाते में जाने लगी। मामला संज्ञान में आने के बाद जंगल सालिकराम निवासी डॉ. अमित की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने समरीन अली नाम के व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि समरीन ने दिल्ली में बैंक ऑफ बड़ौदा की मंडावली शाखा में यह फर्जी खाता खुलवा रखा है। शनिवार को पुलिस ने इस संदिग्ध खाते की डिटेल निकलवाई। पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। जालसाज यह काम कई महीनों से कर रहे थे। उन्होंने अब तक कितनी रकम का फर्जीवाड़ा किया है यह पता नहीं चल सका है। डॉ. अमित की पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, उनका मोबाइल नंबर कई महत्वपूर्ण संपर्कों, संगठन और अनुदानों से जुड़ा है। पिछले कुछ महीनों से कोई भी भुगतान उनके खाते में नहीं हो रहा था। किन्हीं कारणों से उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। पिछले हफ्ते उनके एक परिचित ने उनके अकाउंट में 50 हजार रुपये भेजे। उन्होंने जब इसके बारे में पूछा तो फोन में किसी लेनदेन का कोई मैसेज नहीं था। तब उन्होंने बैंक खाते की डिटेल निकलवाई। उससे पता चला कि समरीन अली नामक व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर का दुरुपयोग करते हुए फर्जी बैंक खाता और यूपीआई आईडी बना रखी है।

## मासूम छात्र की बेरहमी से पिटाई के चलते आंखों में जम गया खून, डीईओ ने शिक्षक पर लिया एक्शन



**बलरामपुर, 30 नवंबर (हाईवे चैनल)।** जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड में एक मासूम छात्र के साथ शिक्षक द्वारा बेरहमी से की गई मारपीट का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। इस प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज ने यह कार्रवाई की है। यह पूरा मामला प्राथमिक शाला जावाखाड़ी का है।

घटना शुक्रवार की है, जब भोजन अवकाश के बाद शिक्षक उदय कुमार यादव प्रधानपाठक कक्षा में पहुंचे और छात्र भागीरथी यादव को गिनती सुनाने को कहा। गिनती में गलती होते ही शिक्षक इतने आक्रोशित हुए कि मासूम बच्चे के चेहरे पर लगातार थप्पड़ बरसाने लगे। थप्पड़ मारने की वजह से छात्र की आंख में खून भी जम गया और उसका चेहरा बुरी तरह सूज गया। रोते-बिलखते बच्चे ने किसी तरह घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद छात्र के पिता धनंजय यादव ने शिक्षक पर आरोप लगाया कि शिक्षक अक्सर नशे की हालत में स्कूल आते हैं और घटना के समय भी वह नशे में थे। वहीं परिजन त्रिकुंडा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

पुलिस के अलावा यह मामला शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय पहुंचा। जहां से डीईओ ने तत्काल जांच के आदेश दे दिए। मामले में रिपोर्ट मिलने के बाद शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पड़ोस के जिले में एक निजी विद्यालय की शिक्षिका ने होमवर्क नहीं करने वाले छात्र को पेड़ पर लटका दिया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जांच हुई तब पता चला कि शिक्षिका नाबालिग है। डीईओ ने पहले तो शिक्षिका को बर्खास्त करवाया, फिर स्कूल की मान्यता भी रद्द कर दी। लगातार घट रही इस तरह की घटनाओं को रोक पाने में शिक्षा विभाग विफल साबित हो रहा है।

## प्रदेश भर में बिचौलिए और कोचिए सक्रिय, अवैध धान को खपाने का हो रहा प्रयास, प्रशासन कर रहा छापामार कार्रवाई



**जांजगीर-चांपा, 30 नवंबर (हाईवे चैनल)।** धान के समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होते ही प्रदेश भर में अवैध धान को खपाने का दौर शुरू हो गया है। जिलों में बिचौलिए और कोचिए काफी सक्रियता से किसानों के खाते की आड़ में अपना धान खपाने में जुटे हुए हैं। इसे रोकने के लिए जिलों में अफसरों की टीम जुटी हुई है।

इसी कड़ी में जांजगीर जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर खाद्य विभाग और मंडी की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से संग्रहित धान पर बड़ी कार्रवाई की है। जिलेभर में लगातार हो रही जांच के तहत टीम ने 7 स्थानों पर छापेमारी कर कुल 375 बोरा (लगभग 150 क्विंटल) धान जब्त किया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य समर्थन मूल्य पर खरीद से पहले जिले में सक्रिय कोचियों-बिचौलियों की अवैध धान खरीदी पर रोक लगाना है। टीम ने इन स्थानों पर पाए गए अवैध रूप से संग्रहित धान को मंडी अधिनियम के तहत जप्त किया है और आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि जिले में अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर पूर्ण रोक के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कलेक्टर महोबे ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध गतिविधि में शामिल किसी भी व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जांजगीर की तरह ही प्रदेश के सीमांत जिलों में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों से धान लाकर खपाने का प्रयास हो रहा है। जिलों में प्रशासन और पुलिस द्वारा इस तरह का अवैध धान पकड़ा भी जा रहा है। प्रदेश भर में अब तक करोड़ों का अवैध धान जेबीटी किया जा चुका है। इस तरह का धान खपाए जाने के चलते सरकार को काफी नुकसान हो रहा है।

## राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के आसार



**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। केंद्र और विपक्ष के बीच इस शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों को लेकर हंगामा छिड़ने के आसार अभी से नजर आ रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को हुई केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गौरव गोगोई और अन्य नेता शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा, ऐसा लगता है कि सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री भारत के लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ये संभवत: सबसे छोटा शीतकालीन सत्र; ऐसा लगता है कि सरकार संसद को पटरी से उतारना चाहती है। उन्होंने संसद में पार्टी की रणनीति को लेकर कहा, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की सुरक्षा पर चर्चा की मांग की।

सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा, दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी है। हमारी पार्टी सुरक्षा से मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि संसद बाधित होती है और ठप्प होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। सर्वदलीय बैठक पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, शीतकालीन सत्र में हम आशा करते हैं कि सभी लोग शांत मन से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे।

## बिलासपुर हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला: नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं



**रायपुर/ बिलासपुर, 30 नवंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि, बैंक में नामांकन से उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता, नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं. इसके साथ ही 15 लाख की रकम पर चल रहे ससुर-दामाद के विवाद का अंत हो गया है. बैंक ऑफ इंडिया, मुंगेली शाखा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रंजनादेवी प्रधान का 15 लाख रुपए जमा था. उनकी मौत के बाद रकम पर दामाद राहुल ध्रुव और ससुर लल्लाराम दोनों ने दावा किया. ट्रायल कोर्ट ने नामांकन देखकर राशि दामाद को देने का आदेश दिया था, लेकिन अपील में जिला न्यायालय ने फैसला पलटते हुए कहा कि, हिंदू सक्सेशन एक्ट के तहत पति पक्ष के वारिसों को पहला अधिकार होता है, और लल्लाराम ससुर होने के नाते निकट संबंधी हैं.

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, नामांकन से व्यक्ति का सि फ 'कस्टोडियन' का दर्जा बनता है, इससे उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता. यह कानून बार-बार स्पष्ट किया जा चुका है. इसके साथ ही जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने अपीलीय अदालत का आदेश सही मानते हुए पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया, इसके साथ ही 15 लाख की राशि पर लल्लाराम का अधिकार पक्का हो गया है।

### पीएम मोदी ने मन की बात के 128वें संस्करण को संबोधित किया

## पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील की, खेलों में मिली उपलब्धियों को सराहा



**नई दिल्ली, 30 नवंबर (न्यूज चैनल)।** आजकल हमारे देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स की संस्कृति तेजी से उभर रही है। इससे मतलब ऐसी गतिविधियों से है, जिनमें इंसानी क्षमता की परख होती है। मुझे बताया गया है कि देशभर में हर महीने 1500 से यादा एंड्युरेंस स्पोर्ट्स का आयोजन होता है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए एथलीट्स दूर-दूर तक जाते हैं। इसका उदाहरण है आयरनमैन जिसमें समुद्र में चार किलोमीटर तक तैरना, 180 किलोमीटर की साइकिल चलाना और 82 किलोमीटर तक मैराथन करना जैसे काम एक दिन में करने होते हैं। ऐसी कई और प्रतियोगिताएं हैं, जो युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रही हैं। इनसे फिटनेस को बढ़ावा मिलता है। साथियों आपसे हर महीने मिलना मेरे लिए नया अनुभव होता है। आपकी गाथाएं और आपके प्रयास मुझे प्रेरित करते हैं। आपके सुझाव मुझे इस कार्यक्रम में भारत की विविधताओं को समेटने की प्रेरणा मिलती है। सर्दियों के मौसम में आप अपना और अपने परिवार का ध्यान रखें। अगले महीने हम नए विषयों पर चर्चा करेंगे। तब तक के लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, खेलों की दुनिया में भी भारत का परचम लहराया है। कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने का भी एलान हुआ। ये उपलब्धियां देश की हैं, देशवासियों की है। और मन की बात देश के लोगों की ऐसी उपलब्धियों को, लोगों के सामूहिक प्रयासों को जन-सामान्य के सामने लाने का एक बेहतरीन मंच है।

**खेलों के लिए उपलब्धियों से भरा रहा ये महीना**

खेलों के लिहाज से भी ये महीना भारत के लिए सुपरहिट रहा। पहले महिला टीम ने वर्ल्ड कप जीता। कुछ दिनों पहले ही बधिर ओलंपिक में 20 मेडल जीते। हमारी महिला टीम ने कबड्डी वर्ल्ड कप जीता। वर्ल्ड बॉक्सिंग में भी हमारे खिलाडियों ने 20 पदक जीते। हमारी ब्लाइंड महिला टीम ने बिना कोई मैच हारे वर्ल्ड कप जीता। इस टीम का हौसला और जज्बा हमें बहुत कुछ सिखाता है। ये जीत हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी।

**वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की अपील की**

प्यारे देशवासियों मैं आप सभी से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील करता हूं। हाल ही में जी20 सम्मेलन के दौरान मैंने वैश्विक नेताओं को ऐसे उपहार भेंट किए, जो वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देते हैं। मैंने जापान की प्रधानमंत्री को भगवान बुद्ध की चांदी की प्रतिमा भेंट की।

CMYK